हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

02 मार्च 2025, समय 1810

- हरियाणा में नगर निकाय चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रमज़ान के पवित्र महीने की शुरुआत पर लोगों को शुभकामनायें दी।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा है कि ओलावृष्टि के कारण फ़सलों को हुए नुकसान के आकलन के बाद किसानों को उचित मुआवज़ा दिया जायेगा।
- यमुनानगर के दीनबंधु छोटूराम तापीय ऊर्जा संयंत्र में अतिरिक्त सुपर क्रिटिकल यूनिट स्थापित करने को मंजूरी दी गई।
- गुरुग्राम में आज पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने विश्व शांति केंद्र और विराट संत सम्मेलन का उद्घाटन किया।

**************************************************************************

हरियाणा में आज नगर निकाय चुनाव कुल मिलाकर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। नौ नगर निगमों में महापौर पद के लिए 39 उम्मीदवारों, 5 नगर परिषदों के प्रधान पद के लिए 27 उम्मीदवारों और 23 नगर पालिकाओं में प्रधान पद के लिए 151 उम्मीदवारों का भाग्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में बंद हो गया। मतदान सुबह 8 बजे शुरू हुआ और शाम 6 बजे तक जारी रहा। 6 बजे के बाद भी कई मतदाता, मतदान केंद्रों के अंदर खड़े देखे गए। केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल में, विधायक मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़, बीजेपी नेता डॉ कमल गुप्ता और निर्दलीय विधायक सावित्री जिंदल ने हिसार में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं ने भी मतदान में बढ़चढ़ कर भाग लिया। लोहारू नगर पालिका से शाम 5 बजे तक 73.82, फरीदाबाद में 34.3 प्रतिशत, अंबाला छावनी में 44 प्रतिशत और बराड़ नगर पालिका में 64 प्रतिशत मतदान होने की ख़बर है। भिवानी नगर निकाय चुनाव में 70.8 प्रतिशत मतदान हुआ। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा है कि उनकी पार्टी चुनाव में जीत दर्ज करेगी।

करनाल में महापौर पद की प्रत्याशी रेणु बाला गुप्ता ने अपनी जीत का दावा किया।

फरीदाबाद के उपायुक्त एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने आकाशवाणी को बताया कि चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

***************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कामना की कि रमजान से समाज में शांति और सद्भाव को बढ़ावा मिले। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि रमज़ान का पवित्र महीना श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है और देशवासियों को करुणा, दया और सेवा के मूल्यों की भी याद दिलाता है।

***************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि हाल ही में प्रदेश के कई भागों में बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि के कारण फसलों को हुए नुकसान के आकलन के बाद किसानों को उचित मुआवजा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा –

सामान्य पात्रता परीक्षा सीईटी को लेकर उन्होंने कहा कि केंद्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से इस संबंध में बात की गई है। यह परीक्षा जल्द से जल्द आयोजित की जाएगी ।

***************************************************************************

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने आज कहा कि जिन किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अपना पंजीकरण करवा रखा है, वे अपने निकटतम कृषि अधिकारी से संपर्क कर ओलावृष्टि से हुए अपनी फसल के खराबे की रिपोर्ट दर्ज करवाएं। उन्होंने कहा कि जो किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पंजीकृत नहीं हैं वे अगले 72 घंटों के भीतर हरियाणा क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपना नुकसान दर्ज कराएं, ताकि कृषि विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर फसल नुकसान का सही आकलन कर सके। श्री राणा ने किसानों को आश्वस्त किया है कि उनकी खराब फसल के नुकसान की भरपाई की जाएगी।

***************************************************************************

हरियाणा सरकार ने यमुनानगर के दीनबंधु छोटूराम तापीय ऊर्जा संयंत्र में लगभग 7 हजार 272 करोड़ रुपए की लागत से 800 मेगावाट की कोयला आधारित अतिरिक्त सुपर क्रिटिकल यूनिट स्थापित करने को स्वीकृति प्रदान की है।

***************************************************************************

गुरुग्राम में आज पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने विश्व शांति केंद्र और विराट संत सम्मेलन का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, अन्य गणमान्य और श्री श्री रविशंकर समेत कई संत मौजूद रहे।

पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने भी सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति पर विचार व्यक्त किए।

***************************************************************************

पानीपत नगर निगम में नाम वापिस लेने के अंतिम दिन के बाद महापौर पद के लिए 4 तथा 26 वार्ड सदस्यों के लिए 103 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं। हरियाणा के राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने बताया कि सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि पानीपत नगर निगम के 26 वार्डों में कुल 365 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। पानीपत में कुल 4 लाख 8 हजार 534 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे जिनमें से 2 लाख 17 हजार 559 पुरुष मतदाता, 1 लाख 90 हजार 962 महिला मतदाता और 13 अन्य मतदाता है। उन्होंने बताया कि मतदान 9 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने पर 12 मार्च को सुबह 8 बजे मतगणना शुरू होगी और इसी दिन चुनाव के परिणाम घोषित किये जायेंगे।

***************************************************************************